by terrorists on the 2nd November, 1991;

(b) whether he has since been released;

(c) if not, what steps Government are taking to secure his release; and

(d) the steps Government are taking to provide security to AIR/Doordarshan staff?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) to (d) Station Director, A.I.R., Leh and not of Srinagar was abducted on 3-11-91 by a terrorist outfit from Dal lake area, Srinagar. He has escaped from captivity on 13-11-91. Security is being provided to all employees including those with AIR/Doordarshan.

**मौलाना अबुल कलाम आजाद को भारत रत्न से पुरस्कृत किया जाना**

2900. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वतन्त्रता प्राप्ति से लेकर अब तक किन-किन व्यक्तियों को भारत रत्न से पुरस्कृत किया गया है ; और

(ख) क्या देश के महान नेता, मौलाना अबुल कलाम आजाद को इस सम्मान से पुरस्कृत करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जेकब)** : (क) 1954 में भारत रत्न को प्रारम्भ करने के बाद से 26 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को उक्त पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । (सूची संलग्न विवरण में नीचे देखिये) ।

(ख) "भारत रत्न" और अन्य पद्म पुरस्कारों की घोषणा केवल भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है ।

**विवरण**

**भारत रत्न प्राप्त कर्त्ताओं की सूची**

| क्रम सं० | नाम |
|---|---|
| | **भारत रत्न** |
| 1. | डा० एस० राधाकृष्णन |
| 2. | श्री सी० राजगोपाला चारी |
| 3. | डा० सी०वी० रमण |
| 4. | डा० भागवान दास |
| 5. | डा० एम० वीवेसवाराया |
| 6. | श्री जवाहर लाल नेहरू |
| 7. | पंडित गोविन्द बल्लभ पंत |
| 8. | डा० धोंदे केशव कार्वे |
| 9. | डा० बी०सी० राय |

| क्रम सं० | नाम |
|---|---|
| 10. | श्री पुरुषोत्तम दास टंडन |
| 11. | डा० राजेन्द्र प्रसाद |
| 12. | डा० जाकिर हुसैन |
| 13. | डा० पांडुरंग वमान कने |
| 14. | श्री लाल बहादुर शास्त्री |
| 15. | श्रीमती इंदिरा गांधी |
| 16. | श्री वी०वी० गिरि |
| 17. | श्री के० कामराज |
| 18. | मदर मेरी टेरेसा बोजेक्षु |
| 19. | आचार्य विनोबा भावे |
| 20. | खान अब्दुल गफ्फार खां |
| 21. | श्री मरूदुर गोपालन रामचन्द्रन |
| 22. | डा० भीम राव रामजी अम्बेडकर |
| 23. | डा० नेल्सन रोलिहलाहला मंडेला |
| 24. | श्री मोराजी रांछोदजी देसाई |
| 25. | श्री राजीव गांधी |
| 26. | सरदार वल्लभ भाई पटेल |

**जम्मू और कश्मीर तथा पंजाब और असम में अपहरण की घटनाएं**

2901. **श्री अर्जीत जोगी :**
**श्री बेकल "उत्साही" :**

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान अक्तूबर, 1991 तक क्रमश: जम्मू और कश्मीर तथा पंजाब और असम में अपहृत किये गये व्यक्तियों की राज्यवार और वर्षवार संख्या कितनी कितनी है ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान बंदीकर्ताओं द्वारा रिहा किये गये और मारे गये अपहृत व्यक्तियों की वर्षवार और राज्यवार संख्या क्या है ;

(ग) प्रत्येक बंधक को किन शर्तों पर रिहा किया गया था ;

(घ) उन बंधकों के नाम तथा संख्या कितनी है, जो अभी भी उनके कब्जे में हैं ; और

(ङ) आतंकवादियों से शेष बंधकों को छुड़ाने के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.एम. जैकब)** : (क) राज्य सरकारों